भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1048
गुरूवार, 15 दिसम्बर, 2022/24 अग्रहायण, 1944 (शक)

युवाओं में उच्च बेरोजगारी दर

1048. श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि 15 से 24 वर्ष की आयु के युवाओं में बेरोजगारी दर 45% तक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास आयु-वर्गवार बेरोजगारी का कोई आंकड़ा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (घ): रोजगार और बेरोजगारी संबंधी आंकड़े वर्ष 2017-18 से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा करवाए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से एकत्र किए जाते हैं। सर्वेक्षण की अवधि जुलाई से अगले वर्ष जून तक होती है। उपलब्ध नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर वर्ष 15-29 आयु के युवाओं की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) क्रमशः 17.3%, 15.0% एवं 12.9% थी, जो युवाओं के मध्य बेरोजगारी दर की गिरावट की प्रवृत्ति को दर्शाता है। वर्ष 2018-19, 2019-20 एवं 2020-21 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर वर्ष 15 वर्ष और उससे अधिक व्यक्तियों की आयु समूह-वार अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) इस प्रकार थीः

बेरोजगारी दर (यूआर)-(% में)				
वर्ष	**15-29 वर्ष**	**15-59 वर्ष**	**15 वर्ष और उससे अधिक**	**सभी आयु वर्ग**
2018-19	17.3	6.2	5.8	5.8
2019-20	15.0	5.2	4.8	4.8
2020-21	12.9	4.6	4.2	4.2

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

*****